# महिलाओं और उनके बच्चों के विरुद्ध हिंसा की रिपोर्टिंग करने के लिए सुझाव

2019 विक्टोरियाई सँस्करण

Our WATCh
End violence against Women And Their Children

## भाषा

- **'महिलाओं के विरुद्ध हिंसा' (वीएडब्ल्यू)** लिंग-आधारित हिंसा का कार्य होता है, जिससे महिलाओं को सार्वजनिक या निजी रूप से नुकसान पहुँचता है। इसमें पारिवारिक हिंसा के साथ-साथ इस प्रकार की हिंसा भी शामिल होती है जो जीवनसाथी के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति द्वारा या परिवार से बाहर की जाती है (जैसे किसी सहकर्मी या अपरिचित व्यक्ति द्वारा की गई हिंसा)।
- **'पारिवारिक हिंसा' (एफवी)** शब्दों का प्रयोग परिवार के व्यापक नेटवर्क के अंदर होने वाली हिंसा के संदर्भ में किया जाता है (जैसे परिवार के सदस्यों/अंतरंग जीवनसाथियों के बीच)। आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी समुदायों में इन शब्दों का प्रयोग विस्तृत रिश्तेदारी संबंधों के अंदर होने वाली हिंसा के संदर्भ में किया जाता है[1]।
- **'घरेलू हिंसा' (डीवी)** शब्दों का प्रयोग केवल ऐसे हिंसक कृत्यों के संदर्भ में किया जाता है, जो पहले या वर्तमान में किसी अंतरंग संबंध में रहने वाले दो लोगों के बीच घरेलू वातावरण में किए जाते हैं, और इन शब्दों का प्रयोग कम किया जाता है।

## यह समझें कि भेदभाव से हिंसा को प्रोत्साहन कैसे मिलता है

भेदभाव (लिंगवाद, नस्लवाद, सामर्थ्यवाद, समलैंगिकता-भय, आदि) पैदा करने वाले शक्ति के असंतुलनों का अर्थ यह हो सकता है कि कुछ महिलाएँ गैर-अनुपातीय रूप से हिंसा से अधिक प्रभावित होती हैं, बार-बार हिंसा से पीड़ित होती हैं, और उन्हें हिंसा के बारे में शिकायत करने और विशेषज्ञ समर्थन सेवाओं का प्रयोग करने जैसी अतिरिक्त प्रणालीगत बाधाओं का सामना करना पड़ता है[2]।

उदाहरण के लिए, किसी विकलाँगता-ग्रस्त आदिवासी महिला को परस्परभेदी नस्लवाद (उसे डर है कि रिपोर्टिंग करने से उसके बच्चों को अलग कर दिया जाएगा) और सामर्थ्यवाद (वह दुर्व्यवहार करने वाले गैर-आदिवासी देखभालकर्ता पर निर्भर करती है) का अनुभव हो सकता है, इसलिए वह हिंसा के बारे में शिकायत नहीं करती है।

| भेदभाव से हिंसा को प्रोत्साहन कैसे मिलता है | उदाहरण |
|---|---|
| भेदभाव और उत्पीड़न का सामना करने वाली महिलाओं के विरुद्ध हिंसा को **ठीक समझे जाने की संभावना अधिक होती है** | – 'उनकी सँस्कृति के एक हिस्से' के रूप में मानकर **अनदेखा किया जा सकता है**<br>– धार्मिक ग्रंथों का संदर्भ देकर **यथोचित ठहराया जा सकता है**<br>– 'देखभालकर्ता-तनाव' के एक लक्षण के रूप में **क्षमा किया जा सकता है** |
| एक से अधिक प्रारूपों में दमन का सामना करने वाली महिलाओं को अक्सर **श्रेणीगत किया जाता है** | – **उन्हें 'फूहड़', 'आक्रामक', 'नशेड़ी' के रूप में चिह्नित किया जाता है**<br>– हिंसा के लिए **प्रतिकूलता को जिम्मेदार मानकर** इसे सामान्य ठहराया जा सकता है |
| आक्रामकता को महत्व देने वाले **पुरुष सहकर्मी संबंध कुछ महिलाओं पर और भी अधिक प्रभाव डाल सकते हैं** | – आप्रवासी पृष्ठभूमियों से आने वाली महिलाओं को **यौन-पर्यटन** और **नस्ल-आधारित वस्तु-कामुकता की अश्लील सामग्री** के लिए 'विदेशी', 'सहनशील' और 'पुरुषों के लिए उपलब्ध' **एक यौनोउत्तेजक और कामुक वस्तु के रूप में** प्रदर्शित किया जा सकता है |
| **निर्णय-प्रक्रिया पर पुरुषों का नियंत्रण** होने के कारण कुछ महिलाओं पर संभावित रूप से और अधिक प्रभाव पड़ सकता है | – शिक्षा व रोजगार के समान अवसर सुलभ न होने और निर्णय-प्रक्रिया पर पुरुषों के नियंत्रण को 'उनकी सँस्कृति/धर्म का बस एक हिस्सा' मानकर सही ठहराए जाने के माध्यम से |

## सामान्य रूप से प्रचलित गलत धारणाएँ

| गलत धारणा | वास्तविकता |
|---|---|
| शराब या मादक-पदार्थ, मानसिक स्वास्थ्य, तनाव, सँस्कृति, विकलाँगता-ग्रस्त व्यक्ति की देखभाल का 'बोझ', या 'बस आवेग में आ जाना' महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के लिए 'ईंधन' या प्रेरणा का काम करते हैं | – यह प्रमाण के साथ संरेखित नहीं होता है। अनुसंधान दर्शाता है कि अपने सहजीवियों की हत्या करने वाले 80% पुरुषों का पहले से ही अपनी पत्नियों के साथ दुर्व्यवहार करने का इतिहास रहा था[3] |
| कुछ सँस्कृतियाँ या सामाजिक-आर्थिक समूह अन्य समूहों की तुलना में अधिक हिंसक होते हैं | – सभी सामाजिक-आर्थिक समूहों से आने वाले पुरुष महिलाओं के विरुद्ध हिंसा करते हैं<br>– रिपोर्टिंग अक्सर यह इंगित करती है कि आदिवासी महिलाओं के विरुद्ध केवल आदिवासी पुरुषों द्वारा ही हिंसा की जाती है, परंतु वास्तव में गैर-स्वदेशी पुरुष भी हिंसक कार्य करते हैं, विशेषकर नगरीय क्षेत्रों में[4] |
| महिलाएँ हिंसक परिस्थितियों से दूर जा सकती हैं, "यदि वे ऐसा करना चाहें" | – सबसे चरम प्रकार की हिंसा, जिसमें हत्या शामिल है, अधिकाँश रूप से तब घटित होती है जब महिला अपने संबंध को छोड़कर दूर जाने की कोशिश करती है |

## साँख्यिकी का प्रयोग करने के लिए सुझाव

- Australian Bureau of Statistics का व्यक्तिगत सुरक्षा सर्वेक्षण पुरुषों और महिलाओं द्वारा अनुभव की गई हिंसा के बारे में सबसे व्यापक डेटा प्रदान करता है।
- रिकॉर्ड किए गए अपराध के आँकड़े पूरी कहानी नहीं बताते हैं, क्योंकि हिंसा का अनुभव करने वाले अधिकाँश लोग पुलिस को इसकी सूचना नहीं देते हैं।
- National Community Attitudes सर्वेक्षण महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के प्रति अभिवृत्तियों के लिए पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर से आँकड़े एकत्र करता है।



VICTORIA State Government

# महिलाओं और उनके बच्चों के विरुद्ध हिंसा की रिपोर्टिंग करने के लिए सुझाव

2019 विक्टोरियाई सँस्करण

## क्या कार्य करने चाहिए और क्या कार्य नहीं करने चाहिए

| सुझाव | ये कार्य करें | ये कार्य न करें |
|---|---|---|
| **इसे नाम दें** | ***ये कार्य करें:*** 'महिलाओं के विरुद्ध हिंसा', 'पारिवारिक हिंसा', 'वयोवृद्धों के प्रति दुर्व्यवहार', 'बाल शोषण सामग्री', 'बलात्कार' और 'हत्या' जैसे शब्दों का प्रयोग करें | ***ये कार्य न करें:*** हिंसा को न्यूनीकृत/महत्वहीन प्रदर्शित करने वाले शब्दों का प्रयोग न करें (उदाहरण के लिए, 'अस्थिर संबंध', या 'बाल अश्लीलता') |
| **सर्वप्रथम सुरक्षा** | ***ये कार्य करें:*** इस बात का ध्यान रखें कि किसी व्यक्ति की पहचान को गुप्त रखने के उपायों का पालन किए जाने के बावजूद भी उसकी पहचान करना आसान हो सकता है (उदाहरण के लिए, आदिवासी समुदायों या ग्रामीण/दूर-दराज के क्षेत्रों में) | ***ये कार्य न करें:*** ऐसा कुछ न करें जिससे उत्तरजीवी की सुरक्षा को खतरा पैदा हो। इस बात का ध्यान रखें कि क्या हुआ था, कहाँ घटित हुआ था और उत्तरजीवी/वियों के बारे में विशिष्ट विवरण शामिल करने से पहचान प्रकट होने का खतरा हो सकता है |
| **प्रमाण-आधारित भाषा** | ***ये कार्य करें:*** श्रोताओं को इस बात का प्रमाण समझने में सहायता देने वाली भाषा का प्रयोग करें कि[5] **महिलाओं और उनके बच्चों के विरुद्ध होने वाली अधिकाँश हिंसा लैंगिक असमानता के कारण निम्नलिखित माध्यमों से प्रेरित होती है:**<br>– **महिलाओं के विरुद्ध पुरुषों द्वारा की गई हिंसा को यथोचित बताना,**<br>– **निर्णय-प्रक्रिया पर पुरुषों का नियंत्रण और महिलाओं की स्वतंत्रता पर सीमाएँ,**<br>– **लिंग के प्रति रूढ़िवादी दृष्टिकोण, और**<br>– **महिला और पुरुष सहकर्मियों के बीच संबंधों में आक्रामकता को महत्व देने वाला अनादर** | ***ये कार्य न करें:*** हिंसा को उचित बताने वाली या पीड़ित के साथ जो हुआ, उसके लिए अनजाने में उसे ही दोष देने वाली भाषा का प्रयोग न करें, उदाहरण के लिए, वह नशे में थी, देर रात घर से बाहर थी, अकेली घूम रही थी, दूसरों को देख रही थी, आदि। **हिंसा करने वाला व्यक्ति जिम्मेदार होता है** |
| **सनसनीखेज के बजाए गंभीर** | ***ये कार्य करें:*** इस हिंसा की गंभीरता को स्पष्ट करने के लिए सम्मानजनक भाषा और सुर्खियों का प्रयोग करें | ***ये कार्य न करें:*** अत्यधिक नाटकीय और द्विअर्थी भाषा, अनावश्यक विवरणों और उत्तरजीवियों को निर्बल दिखाने वाली छवियों के प्रयोग के माध्यम से हिंसा को सनसनीखेज या महत्वहीन न बनाएँ |
| **हिंसा करने वाले व्यक्ति की पहचान करें** | ***ये कार्य करें:*** सक्रिय भाषा का प्रयोग करके इस बात पर जोर दें कि किसी व्यक्ति ने पीड़ित के प्रति यह हिंसक कार्य किया, उदाहरण के लिए, 'एक पुरुष ने महिला के साथ मार-पीट की' | ***ये कार्य न करें:*** हिंसक व्यक्ति को गौण बनाने वाली कर्म-प्रधान भाषा का उपयोग न करें, उदाहरण के लिए, 'महिला को मारा गया' |
| | ***ये कार्य करें:*** यदि उत्तरजीवी और हिंसक व्यक्ति के बीच संबंध को प्रकट करना सुरक्षित/कानूनी रूप से संभव हो, तो इसे प्रकट करें ताकि आप अपने दर्शकों को याद दिला सकें कि महिलाओं के विरुद्ध अधिकाँश हिंसा उनके किसी परिचित व्यक्ति द्वारा ही की जाती है | ***ये कार्य न करें:*** पुरुषों द्वारा किए गए हिंसक कार्यों से बचने के लिए महिलाओं को अपने व्यवहार की निगरानी करने या अपने व्यवहार को सुधारने के विचार को पुनःसशक्त न बनाएँ; हिंसा के लिए जवाबदेही हिंसक कार्य करने वाले व्यक्ति की ही होती है |
| **समर्थन विकल्पों को शामिल करें** | ***ये कार्य करें:*** **हमेशा शामिल करेः "यदि आपको या आपके किसी परिचित व्यक्ति को पारिवारिक हिंसा का अनुभव हो रहा है, तो 1800 RESPECT पर फोन करें।" पुरुषों के लिए रेफरल भी शामिल करें, उदाहरण के लिए: "क्रोध, संबंधों या बच्चों के पालन-पोषण के मुद्दों का सामना करने वाले पुरुषों के लिए परामर्श, सलाह और समर्थन हेतु Men's Referral Service को 1300 766 491 पर कॉल करें"** | ***ये कार्य न करें:*** आत्महत्या या मानसिक स्वास्थ्य के लिए विशेषज्ञ सेवाओं के बारे में केवल जानकारी मात्र न दें। यह अनजाने में हिंसा के प्रभाव को अनदेखा कर देता है और इसके कारण लोगों को विशेषज्ञ सहायता के अन्य विकल्पों के बारे में सचेत करने का अवसर खो जाता है |
| **समुचित छवियों या फुटेज का प्रयोग करें** | ***ये कार्य करें:*** अपने आप से पूछें:<br>– इस छवि से पीड़ित-उत्तरजीवियों के परिवार पर क्या प्रभाव पड़ सकता है?<br>– क्या मैं लिंग, नस्ल, सामर्थ्य और आयु के बारे में हानिकारक रूढ़िवादी विचारों को जारी रखने में योगदान दे रहा/रही हूँ | ***ये कार्य न करें:*** ऊँचाई से उत्तरजीवियों या पीड़ितों की तस्वीरें खींचकर उन्हें छोटा न दिखाएँ, उन्हें 'दुखी' दिखाई देने के लिए न कहें या सामाजिक मीडिया से बिकनी-पहने हुए चित्रों का उपयोग न करें |
| **विशेषज्ञों से सलाह लें** | ***ये कार्य करें:*** मुद्दे को संदर्भ में रखने के लिए महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के क्षेत्र में विशेषज्ञों से सलाह लें: ourwatch.org.au/News-media/Media-Contacts पर जाएँ | ***ये कार्य न करें:*** टिप्पणी के लिए केवल पुलिस या न्यायपालिका पर भरोसा न करें। पुलिस रिपोर्ट किए गए अपराध का इतिहास उपलब्ध तो करा सकती है, परंतु महिलाओं के विरुद्ध अधिकाँश हिंसा की रिपोर्ट भी नहीं की जाती है। |

यह दस्तावेज *महिलाओं और उनके बच्चों के विरुद्ध हिंसा की रिपोर्टिंग कैसे करें* का एक साराँश है। और अधिक जानकारी और रिपोर्टिंग के सँपूर्ण दिशा-निर्देशों के लिए यहाँ जाएँ: ourwatch.org.au

## संदर्भ


1 Australian Human Rights Commission, Ending family violence and abuse in Aboriginal and Torres Strait Islander communities, 2006
2 Our Watch, Changing the picture, 2018
3 Australian Domestic and Family Violence Review Network, Data Report, 2018
4 Our Watch, Changing the picture, 2018
5 Our Watch, Change the story: A shared framework for the primary prevention of violence against women, 2015